सीएसआईआर-सीरी एवं बीकेबीआईईटी-पिलानी के बीच समझौता ज्ञापन

अकादमिक एवं अनुसंधान सहयोग हेतु एमओयू का हुआ आदान-प्रदान

सीएसआईआर - केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी), पिलानी और बी के बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (बीकेबीआईईटी), पिलानी के बीच अकादमिक और अनुसंधान सहयोग को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से दिनांक 01 अगस्त, 2025 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर एवं उसका आदान-प्रदान किया गया।

एमओयू पर हस्ताक्षर करते हुए प्रोफेसर विजय कुमार राउत, निदेशक, बीकेबीआईईटी एवं डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

एमओयू पर सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया तथा बीकेबीआईईटी के निदेशक प्रोफेसर विजय कुमार राउत ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर सीरी के पीएमई प्रमुख श्री प्रमोद तंवर एवं टीबीडी प्रमुख डॉ. नीरज कुमार सहित दोनों संस्थानों के अधिकारी उपस्थित थे।

एमओयू का आदान-प्रदान करते हुए प्रोफेसर राउत एवं डॉ पंचारिया

एमओयू का आदान-प्रदान करते हुए प्रो. राउत एवं डॉ. पंचारिया,,
साथ में सीरी एवं बीकेबीआईईटी के अधिकारीगण

समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अंतर्गत दोनों संस्थान संयुक्त रूप से वैज्ञानिक कार्मिकों एवं छात्रों का आदान-प्रदान करेंगे, एम.टेक., एम.एस. एवं पीएच.डी. छात्रों के अनुसंधान कार्य का संयुक्त पर्यवेक्षण करेंगे, तथा शैक्षणिक सामग्री एवं अनुसंधान प्रकाशनों का साझा उपयोग करेंगे। साथ ही, दोनों संस्थान संयुक्त रूप से अनुसंधान परियोजनाओं, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं तथा समाजोपयोगी कार्यक्रमों का आयोजन भी करेंगे। इसके अतिरिक्त, प्रयोगशालाओं का सहमति के आधार पर साझा उपयोग, वर्चुअल इनक्यूबेशन प्लेटफॉर्म का निर्माण और नवाचार आधारित उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के प्रयास भी इस एमओयू के महत्वपूर्ण आयाम हैं।

दोनों संस्थानों के प्रमुखों ने इस अवसर पर भावी योजनाओं एवं परस्पर सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा की। यह सहयोग न केवल क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान को नई दिशा प्रदान करेगा, बल्कि नवाचार, कौशल विकास और उद्यमिता के क्षेत्र में भी युवाओं को सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगा।